# कक्षा 10वीं – हिन्दी, वर्णिका भाग-2 (बिहार बोर्ड)

## #2. ढहते विश्वास (उड़िया कहानी)

---

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Questions)

**प्रश्न #1. लक्ष्मी कौन थी और उसका घर कहाँ था? 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी के अनुसार लिखें। [2023AI]**

**उत्तर :** लक्ष्मी **'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी की मुख्य पात्र** थी। उसका पति **लक्ष्मण कलकत्ता** में नौकरी करता था। लक्ष्मी का घर **देवी नदी के बाँध** के नीचे था।

**प्रश्न #2. 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी के लेखक का नाम क्या है? इस कहानी में किस राज्य को बाढ़ एवं सुखा से प्रभावित दिखाया गया है? [2023AII]**

**उत्तर :** 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी के लेखक का नाम **सातकोड़ी होता** है। इस कहानी में **उड़ीसा** राज्य को बाढ़ एवं सुखा से प्रभावित दिखाया गया है।

**प्रश्न #3. नदी की बाढ़ का विकराल रूप देखने के बावजूद मनुष्य वहाँ से क्यों नहीं खिसका?**

**उत्तर :** नदी के बाढ़ का विकराल रूप देखने के बावजूद भी सभी मनुष्य वहाँ से नहीं खिसका क्योंकि उन्हें पता था कि यदि **नदी का बाँध टूट जाता** है तो वहाँ की स्थिति भयावह हो जाती और **अनेक प्रकार के जान माल की क्षति** होती।

### प्रश्न #4. लक्ष्मण कहाँ नौकरी करता था? [2021AII]

**उत्तर :** लक्ष्मण, लक्ष्मी का पति है जो **कलकत्ता** में नौकरी करता है।

### प्रश्न #5. लक्ष्मी कौन थी? [2019AI]

**उत्तर :** लक्ष्मी **'ढहते विश्वास' कहानी की प्रमुख पात्रा** है। वह तहसीलदार साहब के घर का काम करके किसी तरह अपना **जीवन-यापन** करती थी।

### प्रश्न #6. लक्ष्मी की पारिवारिक परिस्थिति का वर्णन करें। [2013A, 2016AII]

**उत्तर :** लक्ष्मी **'ढहते विश्वास' कहानी की प्रमुख पात्रा** है, जिसका पति **लक्ष्मण कलकत्ता** में नौकरी करता है। पति द्वारा प्राप्त राशि से उसका **घर-गृहस्थी नहीं चलता** है। इसलिए वह **तहसीलदार साहब के घर का काम** कर किसी तरह जीवन-यापन कर लेती है। पूर्वजों के द्वारा छोड़ा गया **एक बीघा खेत** है। एक तरफ **सूखा** के कारण अंकुर जल गए तो दूसरी तरफ **लगातार वर्षा** से उसे बाढ़ का भयावह दृश्य नजर आने लगता है।

## प्रश्न #7. 'ढहते विश्वास' कहानी में आये बाढ़ के दृश्यों का चित्रण अपने शब्दों में प्रस्तुत करें। [2016AII] [2015AI]

**उत्तर :** लक्ष्मी का घर एक **स्कूल के निकट** नीचे में पड़ता है। लगातार तीन-चार दिन वर्षा होने के कारण **नदी का बाँध टूट जाता** है। बाँध टूटते ही लक्ष्मी के **घरों में पानी घुस जाता** है। तब लक्ष्मी अपने बच्चे को गोद में लेकर **एक पेड़ के उपर चढ़ जाती है** और किसी तरह से अपना **प्राण बचा लेती है**।

## प्रश्न #8. 'ढहते विश्वास' कहानी की लक्ष्मी का चरित्र चित्रण करें। [20215AI]

**उत्तर :** लक्ष्मी **संघर्षशील** और **भोली-भाली** नारी है। पति के कलकत्ता में नौकरी करने के बावजूद वह **तहसीलदार साहब के यहाँ काम** करती है। वह अपने **पोषण और जीविका** के लिए खेत पर भी ध्यान देती है। वह **बाढ़ और सूखा दोनों की त्रासदियाँ** झेलती है। वह बाढ़ की विभीषिका में भी **हार नहीं मानती** है और अपने हौसले को नहीं छोड़ती है।

## प्रश्न #9. 'ढहते विश्वास' कहानी के आधार पर प्रमाणित करें कि उड़ीसा का जन-जीवन बाढ़ और सूखा से काफी प्रभावित है? [2015AI]

**उत्तर :** उड़ीसा में बरसात के समय **नदियों का जल स्तर उपर उठ जाता** है, जिससे जन-जीवन **अस्त-व्यस्त** हो जाता है। बाढ़ के कारण **जानमाल की भी क्षति होती है** और परिवार एक दूसरे से बिछड़ जाते हैं। वहीं गर्मी के समय में **वर्षा न होने के कारण फसल जलकर खत्म हो जाता है**। लक्ष्मी के जीवन से पता चलता है कि यहाँ के लोग **बाढ़ और सूखा दोनों** की त्रासदी से काफी प्रभावित हैं।

## प्रश्न #10. 'ढहते विश्वास' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार करें। [2014AI, 2017AI]

**उत्तर :** कहानी का नाम 'ढहते विश्वास' उसमें घटित घटना के आधार पर ही रखा गया है। गाँव के लोगों का भरोसा और आस्था **माँ चंडेश्वरी** पर था। परन्तु, जब **प्रकृति का प्रकोप** (बाढ़) आता है और **जन-जीवन तबाह** हो जाता है , तो लोगों का यह विश्वास विपत्ति के समय में **दिरक जाता है**। अतः, यह शीर्षक **सार्थक** है क्योंकि यह कहानी के केंद्र में है।

## प्रश्न #11. लक्ष्मी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। [2012A]

**उत्तर :** लक्ष्मी का नारी-व्यक्तित्व काफी **संवेदनशील** है। **संघर्ष** उसके रोम-रोम में बसा है। वह **साहस** के साथ बाढ़ की त्रासद स्थितियों का सामना करती है। बाढ़ की विभीषिका ने उसे जर्जर बना डाला, परन्तु वह **हार नहीं मानती** है। **आर्थिक विपन्नता** में भी वह अकेली उठकर खड़ी होती है। **किसी भी संकट में हार न मानना**-लक्ष्मी के चरित्र की बड़ी विशेषता है।

## कक्षा 10वीं – हिन्दी, वर्णिका भाग-2 (बिहार बोर्ड)
## #2. ढहते विश्वास (उड़िया कहानी)

---

**प्रश्न #12. लक्ष्मी कौन थी? उसके पति का क्या नाम था? [2022AII]**

**उत्तर :** लक्ष्मी **'ढहते विश्वास' कहानी की प्रमुख पात्रा** थी। उसके पति का नाम **लक्ष्मण** था।

**प्रश्न #13. बाढ़ आने के पहले लक्ष्मी ने क्या किया? [2025AII]**

**उत्तर :** बाढ़ आने के पहले सतर्क होते हुए उसने **एक बोरे में थोड़ा-सा चिवड़ा, दो काँसे के बर्तन, और अंगोछा भरकर रख लिया।** उसके बाद उसने **गाय और बछड़े के गले से पगहा खोल दिया। दोनों बकरियों को भी एक कमरे में खुला छोड़ दिया।** अंत में, घर की सारी चीजें **एक कमरे में इकट्ठा करके ताला लगा दिया।**